सं0 563

का संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कारवाई के बारे मे टिप्पणी, तारीख के साथ।

21.02.2022

प्रमण्डलीय आयुक्त का न्यायालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

एस0ए0आर0 पुनरीक्षण 116/2011

हैदर अली

बनाम्

कैलाश गोड़ाईत

प्रश्नगत् पुनरीक्षण वाद अपर समाहर्त्ता, राँची द्वारा अपील वाद संख्या–16 आर0 15/2011–12 में पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। इस वाद में ग्राम–पकरियों, अंचल–चान्हों के खाता नं0–46 प्लॉट नं0–231, 232 में अवस्थित 0.77 एकड़ भूमि के वापसी का विषय सन्निहित है। भूमि सुधार उप समहर्त्ता के न्यायालय द्वारा वाद संख्या–58/2009–10 में भूमि वापसी का आदेश पारित किया गया था। अपर समाहर्त्ता द्वारा आवेदकों के अपील को खारीज किया गया था। यह पुनरीक्षण आवेदन 16.08.2011 को दायर किया गया तथा 08.05.2012 के पश्चात् आवेदक इस न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। लगातार मौका दिये जाने के बाद भी दिनांक 10.01.2022 तथा 14.02.2022 को उभय पक्ष अनुपस्थित रहें। अन्ततः उपलब्ध अभिलेखो के आधार पर वाद को निष्पादित करने का निर्णय लिया गया।

आवेदकों का दावा है कि उनके पिता द्वारा 1962 में विपक्षी के पिता से 0.24 एकड़ भूमि सादा ब्रिक्री पत्र से क्रय किया गया था जिसके पश्चात् उक्त भूमि पर मकान निर्माण किया गया। आवेदक का मुख्य दावा विपक्षी के इस्लाम धर्म कबूल किये जाने के कारण भूमि वापसी मान्य नहीं होने के बिन्दू पर आधारित है। निम्न न्यायालय के अभिलेखों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि प्रश्नगत् भूमि बितना गोड़ाईत के नाम से कायमी दर्ज है तथा विपक्षी खतियानी

आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश ... गई कार... बारे मे टिप्प... तारीख के साथ।
	रैयत के वारिस है। आवेदकों के द्वारा यह स्वतः स्वीकार किया गया है कि 1962 में प्राप्त सादा ब्रिक्री पत्र के आधार पर वे प्रश्नगत् भूमि के दखलकार है। वर्ष 1962 में इस प्रकार आदिवासी खतियानी भूमि की ब्रिक्री की कोई वैधता नहीं है। जहाँ तक विपक्षी के इस्लाम धर्म कबूलने का प्रश्न है उनके धर्म परिवर्तन से भूमि का स्वरूप अथवा भूमि के अधिकार में परिवर्तन नहीं होता है। यह भूमि आदिवासी रैयती खाते की भूमि है, जिसे आवेदक जो कि एक गैर आदिवासी है के द्वारा मात्र सादा ब्रिक्री पत्र के आधार पर दखल किया गया है। ऐसे दखल को कोई वैद्यानिक मान्यता नहीं है। वर्णित परिस्थिति में इस पुनरीक्षण आवेदन को खारीज किया जाता है। लेखापित एवं संशोधित W Kulkarni (हस्ताक्षर) प्रमण्डलीय आयुक्त W Kulkarni (हस्ताक्षर) प्रमण्डलीय आयुक्त	

Digitally signed by NITIN MADAN KULKARNI
Date: 2022.07.23 15:37:01 +05:30
Location: 192.168.1.40